**दिनांक 26.05.2025 को पूर्वाह्न 11:30 बजे माननीय मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार की अध्यक्षता में ग्रामीण कार्य विभाग अन्तर्गत कार्यान्वित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

---

उपस्थितिः—1. श्री दीपक कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग
2. श्री उज्ज्वल कुमार सिंह, विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग
3. श्री भगवत राम, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग
4. श्री मनोज कुमार, विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग
5. श्री निर्मल कुमार, अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग
6. श्री संजय कुमार, संयुक्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग
7. श्री अभय झा, संयुक्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग
8. श्री अरविन्द कुमार, अभियंता प्रमुख के सचिव प्रावैधिक, ग्रामीण कार्य विभाग
9. श्री समीर कुमार, नोडल पदाधिकारी, MMGSUY
10. श्री गोपाल कृष्ण ठाकुर, नोडल पदाधिकारी, MR-3054
11. श्रीमती अरूणा कुमारी, नोडल पदाधिकारी, सुलभ सम्पर्कता
12. श्री बिरेन्द्र कुमार, कार्यपालक अभियंता
13. श्री बरूण कुमार, नोडल पदाधिकारी, MGSY
14. श्री अजीत कुमार, नोडल पदाधिकारी, MMGSY

**बैठक के मुख्य बिन्दु :—**

अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा विभाग अन्तर्गत कार्यान्वित की जा रही योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी माननीय मंत्री महोदय को प्रस्तुतीकरण के माध्यम से दी गई जिसपर विमर्शोपरान्त योजनावार निम्नांकित निर्णय लिये गये :—

1. मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजनान्तर्गत सभी कार्य जिनका कार्यादेश निर्गत हो चुका है, वैसे सभी कार्यों का सभी कार्य प्रमंडलों अन्तर्गत निर्णयानुसार Advance Allotment Release किया जाए।

(अनुपालन— नोडल पदाधिकारी, MGSY, ग्रामीण कार्य विभाग)

2. मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 में प्राप्त निविदाओं का तकनीकी बीड मूल्यांकण दिनांक 05.06.2025 तक पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाये एवं दिनांक 25.06.2025 तक सभी निविदाओं का कार्यादेश निर्गत किया जाए।

(अनुपालन— नोडल पदाधिकारी, MGSY, ग्रामीण कार्य विभाग)

3. मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में चयन की जाने वाली योजनाओं की सूची दिनांक 26.05.2025 तक तैयार कर अग्रेतर कार्रवाई करते हुए प्रशासनिक स्वीकृति 20.06.2025 तक प्रदान की जाय एवं 31.07.2025 तक कार्य आरंभ करना सुनिश्चित किया जाए।

(अनुपालन— नोडल पदाधिकारी, MGSY, ग्रामीण कार्य विभाग)

4. मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 में प्रकाशित की गयी निविदाएँ जो Re-tender की प्रक्रिया में है, उन्हें दिनांक 25.06.2025 तक निष्पादित करना सुनिश्चित किया जाए।

(अनुपालन– नोडल पदाधिकारी, MGSY, ग्रामीण कार्य विभाग)

5. मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना (अवशेष) अन्तर्गत ऐसी सभी योजनाएँ जिनकी निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 28.05.2025 है, उन सभी निविदाओं का कार्यादेश दिनांक 25.06.2025 तक निर्गत किया जाए।

(अनुपालन– नोडल पदाधिकारी, MMGSY, ग्रामीण कार्य विभाग)

6. मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना (अवशेष) अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में स्वीकृत की जाने वाली सभी योजनाओं का प्रशासनिक अनुमोदन दिनांक 31.05.2025 तक सुनिश्चित किया जाए।

(अनुपालन– नोडल पदाधिकारी, MMGSY, ग्रामीण कार्य विभाग)

7. मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजनान्तर्गत ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में चयनित की जाने वाली सभी योजनाओं की स्वीकृति 31.05.2025 तक जिलावार तकनीकी अनुमोदन प्राप्त करते हुए दिनांक 10.06.2025 तक सभी योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जाये एवं 31.07.2025 तक कार्यादेश निर्गत किया जाए।

(अनुपालन– नोडल पदाधिकारी, MMGSUY, ग्रामीण कार्य विभाग)

8. मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजनान्तर्गत ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम अन्तर्गत प्राप्त सभी निविदाओं को दिनांक 10.06.2025 तक निष्पादित करना सुनिश्चित किया जाए।

9. सभी कार्य प्रमंडलों अंन्तर्गत सभी आवंटित पथों का Pot Patch Repair का कार्य दिनांक–15.07.2025 तक करना सुनिश्चित किया जाए।

(अनुपालन– सभी कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग)

10. सभी अधीक्षण अभियंता अपने कार्य अंचलाधीन संबंधित संवेदको के साथ बैठक कर सभी संवेदको को निदेशित किया जाये कि आवंटित कार्यो का दिनांक–06.06.2025 तक कार्य प्रारम्भ सुनिश्चित किया जाए।

(अनुपालन– सभी अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल, ग्रामीण कार्य विभाग)

11. ग्रामीण कार्य विभाग अन्तर्गत निविदाओं के त्वरित निष्पादन हेतु निम्नांकित निर्देश दिये गये।

(a) निविदाओं में तकनीकी बीड मूल्यांकण की प्रक्रिया में जिस निविदाकार के विरूद्ध परिवाद प्राप्त होता है, उस निविदाकार एवं संबंधित कार्यपालक अभियंता को सूचित कर 03 (तीन) दिन का समय देते हुए परिवाद का अनुपालन प्रतिवेदन प्राप्त कर अग्रेतर कार्रवाई की जाए।

(b) निविदाओं में संलग्न Existing Commitment का निर्धारित प्रारूप में एवं समरूप कार्य अनुभव पर प्राप्त परिवाद की जाँच संबंधित कार्य प्रमंडल द्वारा दो दिनों के अंदर प्राप्त कर अग्रेतर कार्रवाई की जाए।

(c) Annual turn Over से संबंधित परिवाद की जाँच मुख्यालय स्तर से की जाए।

(d) ऐसे परिवाद जिसका सत्यापन निविदा में समर्पित अभिलेखों से हो सके, वैसे सभी अभिलेखों की जाँच मुख्यालय स्तर पर ही कर ली जाए।

(अनुपालन– सभी नोडल पदाधिकारी, ग्रामीण कार्य विभाग)

12. दोनों विशेष सचिव एवं दोनों संयुक्त सचिव को निदेशित किया गया कि वे आपस में क्षेत्र बटवारा कर सभी 22 अंचलों की समीक्षा दिनांक 06.06.2025 तक करना सुनिश्चित करें ताकि सभी आवंटित कार्यो में वास्तविक रूप से योजना स्थल पर कार्य प्रारंभ हो जाये।

(अनुपालन– सभी विशेष सचिव एवं संयुक्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग)

29/5/2025

**(दीपक कुमार सिंह)**
अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांकः–मु०अ०(नि० एवं गु०नि०)विविध कार्य–06–153 / 2024 ·2507 पटना, दिनांकः–30/05/2025

प्रतिलिपिः माननीय विभागीय मंत्री के आप्त सचिव को माननीय मंत्री महोदय के अवलोकनार्थ प्रेषित।

29/5/2025

अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांकः– मु०अ०(नि० एवं गु०नि०)विविध कार्य–06–153 / 2024 ·2507 पटना, दिनांकः–30/05/2025

प्रतिलिपिः सभी विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी संयुक्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग / अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग / अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग / अभियंता प्रमुख के सचिव प्रावैधिक / सभी नोडल पदाधिकारी, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल, ग्रामीण कार्य विभाग एवं सभी कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29/5/2025

अपर मुख्य सचिव